वर्ष- 3 , अंक- 130
छपरा
11 अप्रैल शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

बंगाल में भाजपा का वादा, महिलाओं को 3 हजार महीना:

# 6 महीने में यूसीसी लागू होगा; ममता बोलीं: सांप पर भरोसा करना, भाजपा पर नहीं

**कोलकाता/चेन्नई/गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम ,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में छ्ष्ट लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा।

इधर, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने नॉर्थ 24 परगना के टेंटुलिया में चुनावी रैली की। उन्होंने यहां कहा- सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन



BJP पर नहीं। भाजपा असम चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई, उसे राज्य के निवासियों के वोटों से जीत का भरोसा नहीं था।

**शाह बोले- महिलाओं को हर महीने 3 हजार रुपए देंगे:** शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सभी सरकारी कर्मचारी को डीए सुनिश्चित किया जाएगा। 7वें वेतनमान को लागू किया जाएगा।

राज्य में लोअर मिडिल क्लास और गरीब में महिलाओं की हालत दयनीय है। जब तक यह सुधार नहीं होता हमारी सरकार हर महीने 1 से 5 तारीख तक हर महिला के खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी।

**हम बंगाल के सपने को साकार करेंगे:** शाह ने कहा कि गुरुदेव की जन्म जयंती के आसपास ही भय के कोहरे से बाहर आकर भरोसे का शासन स्थापित करेगी।15 साल का बुरा सपना एक तरह से हर प्रकार के संकट का परिचायक रहा। हमारा संकल्पपत्र बंगाल के विकास का रास्ता खोलेगा।

### यह बंगाल की खोई हुई अस्मिता हासिल करने का अभियान:

शाह ने कहा कि दस साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसका उदाहरण स्थापित करने का काम किया है। देश के सामने की सभी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैले पूरे देश में हर तबके हर वर्ग जाति सभी की आकांक्षाओं को संजोकर नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के सामने रखा है।उस सपने को साकार करने के लिए दिन रात प्रयास किया है।

कुछ समय पहले हमने हमारी चार्जशीट बंगाल के सामनेरखी थी। वह परिचायक थी कि 15 साल के ममता के शासन में जो घोर निराशा बंगाल की जनता में मौजूद थी।

यह शपथ पत्र परिचायक है 15 अप्रैल से 9 मई तक जो चुनावी अभियान चलने वाला है, उस रोड मैप का। यह 24 दिन का अंतराल बंगाल की जनता के सपनों को संजोने का अनुष्ठान है।

बंगाल की खोई हुई अस्मिता को फिर से हासिल करने का अभियान है। पूरे देश की सुरक्षा की ढाल बंगाल बने इसका अनुष्ठान है। बंगाली नए साल के दिन हमारी यात्रा शुरू होगी।

### AIMIM ने कबीर की पार्टी से गठबंधन तोड़ा

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम (AIMIM) ने हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (AJUP) से गठबंधन तोड़ लिया है। दोनों पार्टियों ने 25 मार्च को पश्चिम बंगाल चुनाव साथ लड़ने की घोषणा की थी। अब AIMIM चुनाव में अकेले उतरेगी।

AIMIM के X हैंडल पर लिखा गया- हुमायूं कबीर के हालिया खुलासों ने यह दिखा दिया है कि बंगाल के मुसलमान कितने असुरक्षित हैं। AIMIM ऐसे किसी भी बयान से खुद को नहीं जोड़ सकती, जिसमें मुसलमानों की निष्ठा या ईमानदारी पर सवाल उठाए जाएं।

# राज्यसभा सांसद बने सीएम नीतीश मांझी बोले: बिहार विल मिस यू

आरजेडी ने कहा- राज्य में उनकी सेवा समाप्त होती है



**पटना,एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शुक्रवार को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान बिहार एनडीए नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे।संजय झा ने सिग्नेचर करने के लिए उन्हें पेन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा, हो गया.. चलें...। जिसपर फोटो सेशन के लिए रूकने को कहा गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों सदन का सदस्य बनने का रिकॉर्ड बनाया है। वो पहली बार राज्यसभा पहुंचे हैं, जबकि इसके पहले लोकसभा, बिहार विधान परिषद और विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं।इससे पहले सुबह दिल्ली में उनसे मिलने बिहार के बड़े नेता पहुंचे। JDU के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने सुबह मुलाकात की। फिर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी और मदन सहनी ने मुलाकात की।

### हरिवंश नारायण सिंह राज्यसभा के लिए नामित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का नामित सदस्य नियुक्त किया हैद्य शुक्रवार को जारी गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार एक सदस्य की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुई सीट पर राष्ट्रपति ने उन्हें मनोनीत किया है।



यह रिक्ति भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्त के बाद हुई थी। उल्लेखनीय है कि हरिवंश जाने-माने पत्रकार रहे हैं। वे लंबे तक हिंदी अखबार प्रभात खबर के प्रधान संपादक रहे और पत्रकारिता में उनकी अलग पहचान रही है। वे जनता दल यूनाइटेड के साथ जुड़े। उन्हें 2014 में बिहार से राज्यसभा सदस्य बनाया गया। हरिवंश नारायण सिंह 9 अगस्त 2018 को राज्यसभा के उपसभापति बनाए गए। इसके बाद फिर 14 सितंबर 2020 को राज्यसभा के उपसभापति निर्वाचित हुए थे। संसद में उनकी भूमिका संतुलित और शांत तरीके से काम करने वाली मानी जाती है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दिया

**प्रयागराज ,एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इससे पहले, 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित घर में लगी आग में 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इस विवाद के बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी। हालांकि उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। जब तक उनके खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हो जाती, उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था।

कैश कांड के बाद जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने अकेले जांच समिति बना दी, जो उनके अनुसार गलत है।

फिर 6 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जांच समिति के गठन में कुछ खामियां दिखाई देती हैं। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को रद्द किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी यशवंत वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दो दिन की सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। हालांकि बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया।

## अनंत अंबानी का 31वां जन्मदिन-जामनगर के सभी गांवों को भोज

1 लाख गायों को छप्पन भोग कराया

शाहरुख-रणवीर समेत कई सेलेब्रिटी शामिल



**जामनगर,एजेंसी।** कारोबारी मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी आज अपना 31वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर गुजरात के जामनगर में भव्य सेलिब्रेशन हो रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए बॉलीवुड समेत उद्योग जगत की कई हस्तियां जामनगर पहुंच चुकी हैं।

अनंत ने गुरुवार को जामनगर में गो सेवा की। एक लाख से ज्यादा गायों को छप्पन भोग लगाया। जामनगर में आसपास के सभी गांवों भोज का आयोजन किया गया था। भोज में आई सभी महिलाओं को साड़ियां गिफ्ट में दी गई। इसके अलावा जामनगर के गांवों में बच्चों को स्कूल की किट भी बांटी गई। इसके अलावा अनंत अंबानी ने देश के कई बड़े मंदिरों को करोड़ों का दान दिया है।


# छत्तीसगढ़ में 2 कारें भिड़ीं कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म,6 मौतें

पत्नी, दामाद, बहन और भांजे समेत 6 की जान गई, शादी से लौट रहे थे

**कांकेर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था। नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में मुनेंद्र नेताम की पत्नी कुंती नेताम, दामाद शगुनदास नेताम, बहन मकतुला नेताम और 7 साल का भांजा वंश नेताम के साथ दो रिश्तेदार भी शामिल हैं। हादसे में दोनों वाहनों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के



बाद सभी को रायपुर रेफर किया गया है। टक्कर में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।दूसरी कार में सवार दो युवक घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी कार तेज रफ्तार में थी और ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर से टकरा गई।

रिपोर्ट- ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इनकार किया :

# कहा: लेबनान में सीजफायर लागू होने तक कोई डील नहीं; कल पाकिस्तान में बातचीत होनी है



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली सीजफायर डील में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरानी मीडिया फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं हो जाता वह बातचीत नहीं करेगा।इससे पहले अमेरिकी वेबसाइट वॉल स्ट्रीट जनरल ने खबर दी थी कि ईरानी डेलिगेशन गुरुवार शाम पाकिस्तान पहुंच गया है। इसमें संसद अध्यक्ष गालिबाफ और विदेश मंत्री अराघची शामिल हैं। हालांकि फार्स न्यूज ने इसे फेक बताया।इससे पहले 7 अप्रैल को अमेरिका और ईरान 2 सप्ताह के सीजफायर पर सहमत हुए थे। यह भी तय हुआ था कि दोनों देशों के नेता पाकिस्तान में मीटिंग के लिए मिलेंगे। बातचीत शनिवार को इस्लामाबाद में होनी है।

### ईरान ने लेबनान में सीजफायर होने तक बातचीत से इनकार किया

ईरान पाकिस्तान में होने वाली सीजफायर बातचीत में शामिल नहीं होगा। ईरानी मीडिया फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं हो जाता वह बातचीत नहीं करेगा ।रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद नहीं पहुंचा है और उसका वहां जाने का कोई प्लान भी नहीं है। एजेंसी ने उन खबरों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि ईरानी टीम बातचीत के लिए पहुंच चुकी है ।अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इससे पहले खबर दी थी कि बातचीत शुरू करने के लिए ईरानी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंच चुका है ।ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि किसी भी शांति वार्ता के लिए जरूरी है कि अमेरिका सभी मोर्चों

# महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा निकली नाबालिग, एनसीएसटी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

पति फरमान खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**भोपाल,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले की पारधी जनजाति से जुड़ी युवती मोनालिसा के मामले में नया मोड़ सामने आया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की जांच में युवती को नाबालिग बताया गया है।



दावा किया गया है कि केरल में संपन्न विवाह के समय उसकी उम्र 18 वर्ष से कम थी। मामले के अनुसार, अधिवक्ता प्रथम दुबे ने 17 मार्च 2026 को आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। इसके बाद आयोग के निर्देश पर गठित जांच दल ने केरल से लेकर महेश्वर तक दस्तावेजों और तथ्यों की पड़ताल की। एनसीएसटी ने गुरुवार को खुलासा करते हुए जानकारी दी कि आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य के नेतृत्व में एनसीएसटी के पूर्व न्यायाधीश व सलाहकार प्रकाश उइके के मार्गदर्शन में अधिवक्ता प्रथम दुबे द्वारा की गई कानूनी पैरवी ने यह साबित कर दिया है कि जिस युवती को बालिग बताकर विवाह कराया गया था, वह वास्तव में पारधी जनजाति समुदाय की एक नाबालिग लड़की है।जांच के दौरान महेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रिकॉर्ड में युवती की जन्म तिथि 30 दिसंबर 2009 पाई गई। इसके आधार पर 11 मार्च 2026 को हुए विवाह के समय उसकी उम्र करीब 16 वर्ष बताई गई है। जांच में यह भी सामने आया कि केरल में विवाह पंजीयन के लिए उपयोग किए गए जन्म प्रमाण पत्र में अलग जन्म तिथि दर्ज थी। जांच टीम ने इसे संदिग्ध बताते हुए संबंधित दस्तावेजों के आधार पर निरस्त कराने के निर्देश दिए जाने की बात कही है।

## यूपी एसआईआर फाइनल लिस्ट में 2.04 करोड़ नाम कटे :बृजेश पाठक की सीट पर 34प्रतिशत नाम कटे

**लखनऊ,एजेंसी।** यूपी में चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की फाइनल लिस्ट शुक्रवार को जारी कर दी। यूपी में वोटर्स की संख्या 13% घटकर 13.39 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट से 2.04 करोड़ नाम कटे हैं। 84 लाख नए नामों को जोड़ा गया है।



SIR से पहले अक्टूबर 2025 में यूपी में कुल 15.44 करोड़ वोटर्स थे। पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद यह आंकड़ा 12.55 करोड़ हो गया था। इसमें 2.89 करोड़ लोगों के नाम कटे थे। पहले ड्राफ्ट लिस्ट से जो नाम कटे थे, उसमें 84 लाख नामों को लिस्ट में जोड़ा गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- लखनऊ में सबसे ज्यादा 9.14 लाख मतदाता कम हुए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की कैंट विधानसभा सीट पर 34.18% वोटर कम हो गए हैं। प्रयागराज 8.26 लाख, कानपुर नगर में 6.87 लाख, आगरा में 6.37 लाख और गाजियाबाद में 5.74 लाख मतदाता कम हुए हैं।

'स्मार्टफोन पर 6 घंटे खर्च करना भी बीमारी'

# योगी बोले:किडनी खराब तो चल जाएंगे, हार्ट ब्लॉक हुआ तो दूसरे लोक की यात्रा हो जाएगी

**लखनऊ,एजेंसी।** लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अस्पतालों की OPD पर अत्यधिक दबाव है। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में रोजाना 12,000 से 14,000 मरीज OPD में आते हैं, जबकि पीजीआई में यह संख्या 10,000 से 11,000 के बीच है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में मरीजों के एक साथ अस्पताल आने पर डॉक्टरों के लिए इलाज करना कितना चुनौतीपूर्ण हो जाता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

सीएम ने कहा कि आज के समय में स्मार्टफोन भी कई बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। 4 से 6 घंटे तक स्मार्टफोन का उपयोग करना भी एक तरह की बीमारी है। उन्होंने कहा कि हृदय शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। किडनी खराब होने पर व्यक्ति डायलिसिस के सहारे जीवन जी सकता है, लेकिन यदि हृदय में ब्लॉकेज हो जाए तो यह जानलेवा साबित हो सकता है।

मुख्यमंत्री, शुक्रवार को अटल



बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल 2026 को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है।

**शादियों में खाने की क्वालिटी की कोई गारंटी नहीं:** सीएम योगी ने कहा- मैंने इस दिवाली से ठीक पहले खाद्य पदार्थ पर मिलावट के खिलाफ छापेमारी करने के निर्देश दिए थे। सुबह 4 से 6 बजे के करीब सुबह छापेमारी हुई तो हजारों किलो मिलावटी खोवा नष्ट किया गया। शादी और ब्याह के फंक्शन में जब जाते होंगे तो क्या गारंटी की कैसा खाना मिल रहा है।

समय से जागने की आदत डालें। देर रात तक स्मार्टफोन का उपयोग बंद कर दें। गरीब को हार्ट की बीमारी कम होती है क्योंकि वह मेहनत खूब करता है। अब ऐसी बीमारी से इलाज की दिशा में भी हम अहम कदम उठा सकते हैं।

# नए थानाध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, अपराध नियंत्रण व सड़क सुरक्षा पर जोर



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और विधि- व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी, सिकंदर महंतों,बंटी राय समेत अन्य मौजूद रहें। वहीं बीते दिनों पहले भी विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में भी बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण और जनसहयोग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील किया की वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।साथ ही अभिभावकों से कहा कि नाबालिगों को बाइक न दें और बिना हेलमेट व आवश्यक कागजात के वाहन चलाने से बचें। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार सख्ती बरती जाएगी। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पुलिस के समक्ष रखा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जिन मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित किया जाए। बैठक में पुलिस-पब्लिक समन्वय को मजबूत करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं उन्होंने स्वर्ण व्यापारियों के साथ भी बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्वेलरी दुकानों को लेकर अपराधियों की नजर अधिक रहती है, इसलिए सतर्कता और आधुनिक सुरक्षा उपायों को अपनाना बेहद जरूरी है।उन्होंने दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और मजबूत ताले लगाने की सलाह दी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी दुकानदार अपने कर्मचारियों का पूरा सत्यापन कराएं और अजनबी व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की और कहा कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में सभी की सहभागिता जरूरी है।

## छपरा विधायक छोटी कुमारी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** छपरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक छोटी कुमारी ने शुक्रवार को छपरा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन, डीएस तथा हेल्थ मैनेजर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उपचार, दवा और भोजन की व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। विधायक ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही दवाओं के वितरण की व्यवस्था को भी सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया और संबंधित अभियंता को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

## निजी स्कूलों का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में अवस्थित निजी स्कूलों का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आफताब आलम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम जे एन पब्लिक स्कूल बंगरा, आर एस एस पब्लिक स्कूल सपही समेत अन्य स्कूलों के नामांकन व्यवस्था, पठन पाठन जैसे मुद्दों पर गहन जांच पड़ताल की। साथ ही प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों को निदेशित किया जाता है कि बच्चो के सुरक्षा तथा भविष्य के साथ किसी प्रकार की कमी स्वीकार नहीं की जायेगी। आवागमन हेतु अच्छी गाड़ी तथा निबंधित चालक का उपयोग करे।

## राजस्व कर्मी व पंचायत सचिव की हड़ताल से प्रशासनिक व ग्रामीण कार्य ठप,लोगो के बढ़ी परेशानी

**सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित जिले व राज्य में राजस्व कर्मियों और पंचायत सचिवों की जारी हड़ताल का असर अब व्यापक रूप से जमीन पर देखने को मिल रहा है। जहां राजस्व कर्मी 9 मार्च 26 से हड़ताल पर है जबकि पंचायत सचिव 8 अप्रैल से अपनी -अपनी बिभिन्न मांगो क़ो लेकर कार्य वाधित करते हुए हड़ताल पर चले गए हैं। सोनपुर प्रखंड के पंचायत सचिव 11 में से 9 हड़ताल पर जब की राजस्व कर्मी 9 हड़ताल पर चले जाने के कारण पंचायत स्तर से लेकर अंचल एवं जिला कार्यालयों तक कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत सचिव के हड़ताल पर जाने से पंचायत के 29 विकास योजना प्रभावित हो रहा है जिसमे आम जनता को जन्म -मृत्यु, वशवली सहित अन्य प्रमाण पत्र,जबकि राजस्व कर्मियों के हड़ताल से दाखिल-खारिज, भूमि संबंधी मामलों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।हड़ताल के चलते पंचायत कार्यालयों में ताले लटकने जैसी स्थिति बन गई जिससे आमलोगो के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड, पेंशन एवं वंशावली प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया बाधित हो गई है। वहीं अंचल कार्यालयों में भी जमीन से जुड़े मामलों—जैसे दाखिल-खारिज, परिमार्जन और म्यूटेशन—की फाइलें लंबित पड़ी हैं। इधर, सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण जनगणना कार्य को लेकर जिला प्रशासन गंभीर नजर आ रहा है। अधिकारियों ने जनगणना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि तय समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किया जा सके। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने और अन्य उपलब्ध कर्मियों को इस कार्य में लगाने की भी कोशिश विभाग के अधिकारी कर रही है। जिला पदाधिकारी सारण वैभव श्रीवास्तव ने हड़ताल पर गए कर्मियों के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी कर्मी जल्द से जल्द अपने कार्यस्थल पर वापस लौटें। डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हड़ताल जारी रही तो नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासन का कहना है कि जनहित से जुड़े कार्यों को बाधित होने देना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। वहीं हड़ताल पर गए सोनपुर अंचल के राजस्व कर्मियों में अजय राम, अभिषेक आनंद, उपेंद्र कुमार, चन्द्रदीप सहित अन्य कर्मियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और जब तक उन्हें पूरा नहीं किया जाता, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे।इस स्थिति के कारण जिले में प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन और हड़ताली कर्मियों के बीच कब तक सहमति बनती है और स्थिति सामान्य होती है।

## 33 पीस अंग्रेजी शराब क़ो रेल पुलिस ने परमान्दपुर स्टेशन के नजदीक से किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेल पुलिस ने अंग्रेजी शराब क़ो बरामद करते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने शुक्रवार क़ो बतायी कि ट्रेन नंबर -15910 परमानंदपुर स्टेशन पर रेड सिग्नल पर खड़ी गाड़ी के जनरल कोच से 02 व्यक्ति उतर कर इंजन के तरफ जाने लगा. जिसके हाथों में एक बैग व एक झोला था.जहाँ पुलिस के शक होने पर दोनो क़ो पीछा करने लगे, पुलिस के देखते ही दोनो व्यक्ति गेट नबर -06 के सामने बैग व झोला को छोड़कर भाग गए.जहाँ पुलिस ने दोनों बैग व झोला के तलासी ली. तलासी के दौरान उसमे रखे किंगफिशर स्ट्रांग बियर क़ो जप्त किया गया जिसमे पिट्ठू बैग व झोला से कुल 33 पीस किंगफिशर स्ट्रांग बियर पाया गया, ( जिसमें 28 पीस प्रत्येक 500 एमएल , प्रत्येक की कीमत -140 रूपये, 05 पीस 650 एमएल प्रत्येक की कीमत -190 रूपये ) बरामद किया गया।

## दुकानदारों की समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**मांझी(सारण)।** मांझी थाना परिसर में शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सोना चांदी दुकानदारों की समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई तथा लूटपाट जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जरूरी निर्देश दिए गए तथा दुकानदारों से सुझाव मांगे गए। थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बैठक में शामिल दुकानदारों से 30 अप्रैल तक अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का दुकानदारों को निर्देश दिया ताकि लूट पाट की घटनाओं पर विराम लगाई जा सके। बैठक में सोना चांदी के 28 दुकानदार शामिल हुए। बैठक में शामिल आठ दुकानदारों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पहले ही अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगा लिया है। शेष 20 दुकानदारों ने जल्द ही अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का आश्वासन दिया। बता दें कि जिले की अलग अलग सोना चांदी दुकानदारों के साथ घटी लूट व हमलों की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

## निकी के नेतृत्व में सिवान जिला 20 सदस्यीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम घोषित




**दैनिक खोज खबर/मैरवा (सिवान)।** बिहार राज्य फुटबॉल संघ द्वारा लखीसराय जिले में 31 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित बिहार राज्य सीनियर महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली सिवान जिला फुटबाल टीम की घोषणा सिवान जिला फुटबाल संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कर दी गई।इस अवसर पर आई एम ए सिवान के सचिव डॉ शरद चौधरी, संयुक्त सचिव डॉ सत्य प्रकाश शंकरन,सिवान जिला फुटबाल संघ की ओर से उमाशंकर प्रसाद,सहंतजी,जावेद अशरफ, मुन्ना खान,राजू, मोहम्मद साहिद ने खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक सह निदेशक संजय पाठक ने बताया कि सिवान जिला टीम का चयन जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित चयन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया है जिसका एक सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित किया गया था। पाठक ने बताया कि टीम राष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुसज्जित है और पदक की प्रबल दावेदार है चयनित टीम इस प्रकार है निकी कुमारी (कप्तान) पिंकी कुमारी (उपकप्तान), खुशबू, ममता, निभा, प्रिया, रंजना, अंशु, खुशबू चौहान,एंजल यादव,नितू कुमारी, सिंधु कुमारी, मनिषा कुमारी, इशरत परवीन, अराधना कुमारी, नैना कुमारी, खुशी पांडेय और अंजलि कुमारी शामिल हैं जबकि प्रशिक्षक मधु पैक, प्रबंधक विवेक कुमार सिंह तथा फिजियोथैरेपिस्ट के रूप में सलमा खातून साथ में गई हैं। चयनित खिलाड़ियों को डा राजन कल्याण सिंह,डा शशि भूषण सिंहा,डा राम इकबाल गुप्ता,डा रामाजी चौधरी,डा रीता सिंहा,डा संगीता चौधरी, मुख्य संरक्षक डॉ आर एन ओझा, निदेशक राजीव लोचन मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है

## आग लगी में चार घर जलकर खाक




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के तेजपुरवा में शुक्रवार की सुबह आग लगी में चार घरों में रखे समान जल कर नष्ट हो गए। मिली जानकारी अनुसार घर से निकलती आग की लपट देख लोगों ने शोर मचाया और आग पर काबू पाने में लोग जुट गए। वही स्थानीय मुखिया परमात्मा राय ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जो मौके पर पहुंच आग पर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू कर लिया। लेकिन तब तक कच्चे और पक्के चार घर आग की आगोस में समा गए। जिसमें घर में नकदी समेत खाने पीने की वस्तु, बिछावन समेत बहुत सारा दिनचर्या का समान जल कर नष्ट हो गया, गनीमत रही कि किसी जानमाल की नुकसान नहीं है। प्रभावित गृह स्वामियों में तेजपुरवा गांव के उमेश राय, सभा राय, अर्जुन राय और जयनाथ राय बताए जाते हैं। पीड़ित व्यक्तियों ने अंदेशा जताया की बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगी है, जिसकी लिखित शिकायत अग्निशमन को दी गई है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से शिक्षिका घायल



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा लालु यादव चौक के पास एक शिक्षिका ऐश्वर्या वर्मा जो घर से अपने बाइक से उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुरपुर जा रही थी.इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन चालक ने शुक्रवार के सुबह ठोकर मार दी. जिसके कारण शिक्षिका घायल हों गयी। वही वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त बात की जानकारी देते हुए शिक्षक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह एवं जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन ने 28 वर्षीय शिक्षिका ऐश्वर्या वर्मा को ठोकर मार कर भागने में सफल रहा जहां शिक्षिका घायल हो गई है. इस घटना के बाद उपस्थित लोगों ने आनन फानन में सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गया. जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर रेफर कर दिया. घायल शिक्षिका के पैर क्षतिग्रस्त हो गया।

## नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवन का पूर्व मंत्री द्वय ने किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** प्रखंड के विशुनपुरा अनुसूचित जाति टोला में लाखों रुपये की लागत से निर्मित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय भवन का भव्य उद्घाटन स्थानीय विधायक व पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार मंटु तथा पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह ने फीता काटकर व शिलापट का अनावरण कर किया. उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री व विधायक कृष्ण कुमार मंटु, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अनिल सिंह, पूर्व प्राचार्य अंबिका राय रामप्रवेश पंडित , पूर्व मुखिया सुरेन्द्र गिरी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. वहीं स्वर कोकिला अल्पना मिश्रा ने अपने स्वागत गीत से सबको मनमुग्ध कर दिया.जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार पाण्डेय स्वागत भाषण व अतिथियों का स्वागत अंग वस्त भेंट कर किया. समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार मंटु ने कहा कि नया विद्यालय भवन क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत संरचना अत्यंत आवश्यक है और यह भवन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री व स्वर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि नए भवन के निर्माण से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे. जबकि अन्य वक्ताओं ने भी विद्यालय भवन के निर्माण पर खुशी जताई और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया. इस मौके पर मुख्य रूप से डीपीओ प्रियंका रानी, बीडीओ राजीव कुमार सिन्हा, शिक्षा पदाधिकारी विमला कुमारी,भाजपा जिला महामंत्री अनिल सिंह, पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित,पूर्व मुखिया सुरेन्द्र गिरी, मुखिया प्रतिनिधि सरोज पासवान, मुखिया ई प्रतीक कुमार, मढ़ौरा युवा भाजपा मंडल सोनू कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक रामेश्वर पाण्डेय, शिक्षक अजीत कुमार पाण्डेय, नवीन पुरी आदि सैकड़ों शिक्षाविद अभिभावक व छात्र छात्राएं शामिल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अम्बिका राय तथा मंच संचालक शिक्षक सुरेश रंजन ने किया.

## आयुर्वेद छात्रों की प्रतिभा में निखार समाज में देगा सकारात्मक योगदान–डीएम



**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर के दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में तीन दिवसीय क्रीड़ा और सांस्कृतिक महोत्सव आयुर्फेस्ट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। गुरुवार की संध्या में महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित क्रीड़ा और सांस्कृतिक महोत्सव में छात्रों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आरोग्य संरक्षण में आयुर्वेद के छात्रों को बड़ी भूमिका निभानी है। क्रीड़ा और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता उनकी प्रतिभा को निखारती है, जिससे समाज में सकारात्मक योगदान की संभावनाएं सृजित होती है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र- छात्राओं ने न केवल अपनी रचनात्मक प्रतिभा से अवगत कराया अपितु समाज के प्रति अपने संजीदा सोच को जाहिर किया और सामाजिक विसंगतियों पर भी प्रहार किया। भरतनाट्यम आदि नृत्य और एकांकी, सुगम संगीत की प्रस्तुतियों ने तालियां बटोरी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया व पूर्व प्राचार्य डाक्टर प्रजापति त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस मौके पर पुरस्कार वितरण समारोह की शुरुआत जिलाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, आशुतोष कुमार गुप्ता, पूर्व प्राचार्य एवं शासी निकाय के सलाहकार डा. प्रजापति त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव डा. रामानंद पांडेय एवं प्राचार्य डा. सुधांशु शेखर त्रिपाठी ने संयुक्त रूप किया। महोत्सव में बैडमिंटन, कैरम, लूडो, शतरंज, कबड्डी, वालीबाल, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# स्मैश प्वाइंट बैडमिंटन एकेडमी का लोकार्पण, डीएम ने सराही सामाजिक सहभागिता

## खेल सुविधाओं के विस्तार से सिवान में प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच -जिलाधिकारी विवेक रंजन



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने कहा कि समाज के सम्यक एवं संतुलित विकास के लिए सरकार के साथ-साथ समाज की सक्रिय, सकारात्मक और सतत भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब समाज स्वयं आगे बढ़कर ऐसे रचनात्मक कार्यों में योगदान देता है, तब विकास की गति और प्रभाव दोनों बढ़ते हैं। वे शुक्रवार को शहर के ललन कॉम्प्लेक्स में साधु परिवार द्वारा ÷खेलेगा सिवान, बढ़ेगा सिवान÷ के उद्देश्य से स्थापित इंडोर बैडमिंटन एकेडमी 'स्मैश प्वाइंट' के लोकार्पण अवसर पर अपना विचार व्यक्त कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस एकेडमी की स्थापना से सिवान खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति करेगा तथा स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच और प्रशिक्षण की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही, उन्होंने एकेडमी के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।बताते चलें कि शुक्रवार को ललन कॉम्प्लेक्स में साधु परिवार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इंडोर बैडमिंटन एकेडमी 'स्मैश प्वाइंट' का लोकार्पण दारौंदा विधायक व्यास सिंह एवं जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार यादव, महावीरी विद्यालय के अध्यक्ष समाजसेवी रमेश सिंह,जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र सिंह, धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य प्रो. अभिमन्यु सिंह, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सुबेश सिन्हा, रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक संजय पाठक, स्मैश प्वाइंट के निदेशक पवन कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, डीपीएम विशाल कुमार सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. रामेश्वर सिंह, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. अभिषेक सिंह, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष रोहित सिंह, विद्या भारती के नवीन सिंह परमार, अनुराधा गुप्ता, हरेंद्र कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, लोहा सिंह, समर प्रताप सिंह, सीए अनिल सिंह, इंदल कुमार सिंह, अधिवक्ता पंकज कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिहोरिया गांव के चंवर से एक व्यक्ति का शव मिला। शुक्रवार को मढ़ौरा थाना की पुलिस ने सूचना पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम में भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव वालो ने डबरा नदी किनारे गांव के चंवर में एक अज्ञात व्यक्ति की शव को देख शोर मचाया तो गांव वाले जुट गए और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार की दोपहर सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम में भेज दिया। मृतक व्यक्ति की उम्र 40 वर्ष के आसपास की बताई जा रही है। थानाध्यक्ष राज किशोर प्रसाद द्वारा बताया गया कि प्रथम दृष्ट्या धारदार हथियार से गला रेत हत्या प्रतीत होता है। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम में भेज पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर थाना अंतर्गत रसूलपुर चैनपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना की डायल 112 टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल एकमा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. सुशील प्रसाद ने प्राथमिक उपचार किया।जिसके बाद चिकित्स्कों द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां अब वह खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घायलों की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के योगिया गांव निवासी धनु अंसारी तथा रामेश्वर राम के रूप में हुई है।

## शिक्षिका के अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार कर किया घायल

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के भरपुरा लालु यादव चौक के पास एक शिक्षिका ऐश्वर्या वर्मा जो घर से अपने बाइक से उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुरपुर जा रही थी.इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन चालक ने शुक्रवार के सुबह ठोकर मार दी. जिसके कारण शिक्षिका घायल हों गयी। वही वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त बात की जानकारी देते हुए शिक्षक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह एवं जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन ने 28 वर्षीय शिक्षिका ऐश्वर्या वर्मा को ठोकर मार कर भागने में सफल रहा जहां शिक्षिका घायल हो गई है.इस घटना के बाद उपस्थित लोगों ने आनन फानन में सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गया. जहां डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर रेफर कर दिया. घायल शिक्षिका के पैर क्षतिग्रस्त हो गया।

## सोनपुर पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग कांड में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. इस बात कि जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने शुक्रवार को बताया कि मारपीट के मामले में नजरमीरा के दो युवक जबकि शराब के मामले में गंगाजल टोला की एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि थाना क्षेत्र के नजरमीरा में मारपीट के मामले में आरोपित अभिषेक कुमार, अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया जबकि वाहन चेकिंग के दौरान गंगाजल टोला के रजनीश कुमार को दो पीस वियर अंग्रेजी शराब कुल 1 लीटर के साथ गिरफ्तार किया गया मौके पर दो बीयर के बोतल को जप्त किया गया है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर फिर तेज हुई सियासत, बीडीसी सदस्यों ने मांगी विशेष बैठक

**सोनपुर,(सारण)।** सोनपुर प्रखंड में प्रमुख और उप प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। बीडीसी सदस्यों ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए विशेष बैठक बुलाने की मांग उठाई है।सदस्यों द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 17 सितंबर 2024 को प्रमुख एवं उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार हेतु विशेष बैठक बुलाने के लिए आवेदन दिया गया था। बाद में यह मामला न्यायालय पहुंच गया था। अब सर्वोच्च न्यायालय ने 10 फरवरी 2026 को पारित आदेश में स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाते हुए 31 मई 2026 तक पूर्ण किया जाए। इसी के आलोक में पूर्व उप प्रमुख श्याम बाबू राय समेत धर्मेंद्र कुमार सिंह, संगीता देवी, विकास कुमार सिंह, वीरेंद्र महतो, मुन्नी देवी, रीता गुप्ता, राजकुमारी शर्मा, मीना देवी सहित कुल 18 बीडीसी सदस्यों ने बीडीओ से अनुरोध किया है कि तय समयसीमा के भीतर विशेष बैठक की तिथि जल्द निर्धारित की जाए। सदस्यों का कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में देरी उचित नहीं है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जाना आवश्यक है। अब सभी की नजरें प्रशासनिक पहल पर टिकी हैं कि बैठक की तिथि कब तय होती है।

## हरिहरनाथ पुलिस ने अपहृता को सकुशल किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने नगर क्षेत्र के एक अपहृता को सकुशल बरामद कर न्यायालय मे बीएनएसएस की धारा 183 के बयान हेतु भेजा दिया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नगर क्षेत्र के एक नाबालिक बच्ची को शादी के नियत से पहला फुसलाकर एक युवक फरार हो गया था. जहां नाबालिक बच्ची के घर में नहीं मिलने पर अपहृता के माँ ने मार्च 26 में हरिहरनाथ थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई। जहां पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए हरिहरनाथ मंदिर से अपहृता को स -कुशल बरामद करते हुए न्यायलय में 183 के बयान के लिए छपरा भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपित युवक को पकड़ने के लिए छापामारी की जा रही है।

## टेम्पू और बस की टक्कर में कई शिक्षक घायल

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)** टेम्पू और बस की भिरंत में कई शिक्षक घायल हुए जबकि कई की हालत गंभीर बनी हुई है । घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मकेर बीआरसी के समीप पूर्व से एक बस खड़ी थी उसी दरम्यान छपरा से टेम्पू पर सवार कई शिक्षक और शिक्षिकायें सवार होकर विद्यालय आ रही थी ।टेम्पू चालक द्वारा अनियंत्रित होकर बस में ठोकर मार दिया गया ,जिसमें सवार सभी लोग बुरी तरह जख्मी हो गई ।आनन फानन में नजदीकी अस्पताल चकिया में भर्ती कराया गया है । घायलों में अरबिंद कुमार, कुमारी अनुराधा मिश्रा, दीपिका कुमारी एवम सोनालिका कुमारी है। ये सभी शिक्षक उच्च माध्यमिक विद्यालय कैतुका नंदन में कार्यरत हैं।सभी छपरा से विद्यालय आ रही थी कि गनौर टोला बीआरसी के समीप हादसा हुआ है। पीएचसी चकिया में प्राथमिक इलाज के बाद छपरा रेफर कर दिया गया हैसभी शिक्षक खतरे से बाहर बताए जा रहे है ।मालूम हो कि विद्यालय का समय सुबह साढ़े छः से साढ़े बारह बजे तक है

## माधोपुर गांव में डेढ़ महीने बाद आई गैस की गाड़ी ,मची अफरातफरी

### आठ घंटे से इंतजाररत उपभोक्ता माथे पर सिलेंडर ले कर दौड़े

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)**- डेढ़ माह बाद थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव में शुक्रवार की शाम जब गैस की गाड़ी पहुंची तो लोगों का सब्र का बांध टूट पड़ा. लोगों ने गांव में घुसते हीं गाड़ी को घेर लिया. बताया जाता है कि भारत गैस एजेंसी रसूलपुर-गैस के उपभोक्ता गांव के अपने अपने तीनों वार्ड में लाइन लगाकर कर सुबह नौ बजे से ही इंतजार कर रहे थे. आठ घंटे से इंतजार कर रहे उपभोक्ता को अचानक पता चला कि गांव में प्रवेश करते ही वार्ड नौ में गैस उपभोक्ताओं ने गाड़ी को घेर लिया है और आगे नहीं जाने दे रहे हैं फिर क्या था गांव के तीनों वार्ड के उपभोक्ता जो जहां से सुना वहीं से सिलेंडर लेकर दौड़ पड़े. इस दौरान कई उपभोक्ताओं का खाली सिलेंडर इधर से उधर हो गया.भीड़ अनियंत्रित होते देख वितरण कर्मियों ने सभी उपभोक्ताओं का कार्ड जमा किया फिर गैस का वितरण किया. कार्यालय कर्मी संतोष मिश्रा के अनुसार माधोपुर गांव में गैस की गाड़ी बहुत दिनों बाद गई थी, हालांकि बहुत सारे उपभोक्ता गोदाम से भी गैस का उठाव करते रहे हैं, पर होम डिलीवरी में परेशानी थी. शुक्रवार को वैन चालक की कमी से गांव में गाड़ी जाने में देर हुई.

## नागरिक सुविधाओं के अभाव होने के बाबजूद भी कार्यालय को किया गया स्थानांतरित

**दैनिक खोज खबर/ छपरा** सोनपुर। सोनपुर पूर्व विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सोनपुर को दूधैला पंचायत के मुखदुमपुर स्थित पंचायत सरकार भवन में नागरिक सुविधाओं के अभाव होने के बाबजूद भी कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे आम जनता को परेशानियां का समना करना पड़ रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय,सोनपुर को जिस स्थान पर शिफ्ट किया गया है वहां पर जाने के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक सड़क नहीं है, साथ ही बरसात एवं बाढ़ के दिनों में जल जमाव हो जाता है।ऐसे में सुदूर स्थित पंचायत सरकार भवन होने के चलते यातायात का अभाव है। जिनके पास अपनी गाड़ी होगा वही प्रखंड एवं अंचल कार्यालय आसानी से जा सकेंगे.सबसे ज़्यदा परेशानी महिलाओ के हों रही है. यहां तक की जगह -जगह बोर्ड भी नहीं लगाया गया है जिससे लोग अस्थायी कार्यालय पहुँच सके. इससे आम लोगों को अस्थायी कार्यालय जाने में कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है । डा.रामानुज प्रसाद ने इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सारण से बातकर नागरिक सुविधाओं जैसे पानी,लाईट एवं बैठने की उचित व्यवस्था कराने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बहाल कराने कि मांग किया है ताकि आम लोगों को परेशानियां का सामना नही करना पड़े। इस बात के जनकारी देते हुए पूर्व विधायक डॉ रमानुज प्रसाद ने शुक्रवार के बताया कि सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के नये सिरे से निर्माण होने के लेकर पंचायत सरकार भवन दुधैला में यह कार्यालय स्थानांतरित किया गया है.लेकिन कर्मचारियों से लेकर आम लोगो को आवागमन में परेशानी हों रही है।

## एआईएमआईएम ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड में सारण शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर एआईएमआईएम पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-03 से अपना एमएलसी उम्मीदवार का ऐलान किया। एमआइएम पार्टी के वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर प्रसाद सिंह प्रदेश सचिव बिहार प्रदेश ने बताया कि पार्टी ने काबिलियत को देखते हुए संघर्षरत युवा चेहरा प्रो नाजीर हुसेन पर अपना प्रत्याशी बनाया है। वे मशरक महाविद्यालय में प्रोफैसर के पद पर कार्यरत हैं और मशरक के नवादा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि नाजीर हुसेन शिक्षकों और समाज के बीच में लोकप्रिय चेहरा हैं।साफ़ सुथरा छवि वाले और सुलझे हुए एक विशेष व्यक्तित्व हैं। श्री हुसेन उच्चतम शिक्षा से धनी हैं। इनकी लिखी हुई पुस्तक -÷ नग्मात ÷ हमारे बीच में मौजूद है। अब-तक इनकी तीन किताबें त्वरित हैं। श्री हुसेन एक लेखक/ साहित्यकार हैं। श्री हुसेन ने कहा कि शिक्षक मतदाता मेरे ऊपर तवज्जो देते हुए मुझे वोट करेंगे तो मैं उन्हें बनावटी आश्वासन से निकाल कर ईमानदारी और ईमानदार नेतृत्व से रुबरू करवाऊंगा। एमआइएम पार्टी के जानिब से उम्मीदवार घोषित होने पर श्री हुसेन ने पार्टी के आला नेतृत्व और पार्टी से जुड़े तमाम लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

## महिलाओं व युवतियों को किया गया जागरू

**परवेज अख्तर/सिवान।** महिला थाना पुलिस टीम ने महिलाओं एवं लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की है। महिला थानाध्यक्ष सोनी कुमारी के नेतृत्व में टीम ने आनंद नगर स्थित मानव कल्याण एकता संस्थान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय युवतियों और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, आर्थिक स्वावलंबन तथा विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार के माध्यम से वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। संस्थान के सदस्यों और उपस्थित महिलाओं ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और सक्रिय रूप से भाग लिया। महिला थाना पुलिस का यह कदम समुदाय स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है। थानाध्यक्ष कुमारी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसी जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ,ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें और समाज में अपनी उपयोगी भूमिका निभा सकें।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 28 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 28 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 28 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 28 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में दो,चोरी के कांड में दो, शराब के कांड में 15, हत्या के प्रयास में आठ व पाक्सो एक्ट में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 196.86 लीटर देसी व 132 विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 132 वारंट व दो कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से एक लाख 68 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## गड़खा में 70 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** प्रखंड के चैनपुर स्थित दीपक ट्यूटोरियल में मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डायरी, मेडल, ट्रॉफी तथा कलम देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर रामजनम राय इंटर कॉलेज तथा माँ कौशल्या आईटीआई के प्राचार्य विजय सर, शैलेन्द्र सर, मधुसूदन सर और बनियापुर इंटर कॉलेज के मुकेश सर ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो साधारण बच्चों को भी असाधारण बना सकती है।प्राचार्य विक्की सर, निदेशक दीपक सर और मनीषा मैम ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने तथा मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।समारोह में इंटर के टॉपर गुंजन कुमारी, हिमांशु कुमार, अंकित कुमार, अपूर्विता शांति, प्रियांशु कुमारी तथा सुनीता कुमारी को सम्मानित किया गया।इसके बाद मैट्रिक के टॉपर आँचल कुमारी, खुशी कुमारी, सपना कुमारी, रोशन कुमार, रोहित कुमार समेत अन्य विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

## विद्यालय में निकाली गयी नामांकन जागरुकता रैली

**दैनिक खोज खबर/गरखा(सारण)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बसंत कन्या में शिक्षकों ने बच्चों के साथ नामांकन जागरुकता रैली निकालीद्य जागरुकता रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से आरम्भ होकर श्रीपाल बसंत होते हुए बनवारी बसंत तक गई द्य इस रैली में शिक्षकों ने बच्चों से नारे भी लगवाये और दर्जनों तकता पर स्लोगन के साथ पोषक क्षेत्र का परिभ्रमण कर लोगों में जागृति लायी द्य नारे कुछ इस प्रकार थे÷ हम भी पढ़ेंगे आगे बढ़ेंगे देश का नाम रौशन करेंगें ÷,हम सब का है एक ही नारा पढ़ना है अधिकार हमारा ÷ द्य इस तरह अनेक नारे ढोल झाल बजते हुए परिभ्रमण किया गया द्य इस परिभ्रमण में ग्रामीणों से छ्ल्साल के ऊपर के बच्चों का नामांकन कराकर उनको शिक्षा के अधिकार को प्राप्त करने हेतु मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह किया गया द्य रैली का नेतृत्व प्रधान शिक्षक राजेश कुमार तिवारी ने की द्य रैली में शिक्षक आशुतोष कुमार, नीलम कुमारी, राजीव कुमार, मीनु कुमारी, पूजा विश्वकर्मा ने हिस्सा लिया।

## एक रिवाल्वर व गोली के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।**जीरादेई थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक रिवाल्वर व एक गोली के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा महदेवा टोला निवासी रवि कुमार यादव है। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि गुरुवार की संध्या समय करीब 8ः05 बजे गुप्त सूचना मिली की जीरादेई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरवल स्थित काली मंदिर के पास तीन व्यक्ति बैठा हुआ है जिसके पास हथियार है, कोई अपराधिक घटना को अंजाम देनेवाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए हुए स्थान पर पहुंचें तो पुलिस वाहन को देखकर सभी व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के कम में उसके पास से एक रिवाल्वर एवं एक कारतूस बरामद किया गया। पुछ-ताछ के क्रम में अपना नाम रवि कुमार यादव बताया। इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में जीरादेई थाना अन्तर्गत धारा 25 ( 1-बी ) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में जीरादेई थानाध्यक्ष एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

## रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**परवेज अख्तर/सिवान।**नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगदारी मांगने के मामले में आरोपित ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उसे जल्द ही रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत छह मार्च को राजू ज्वेलर्स के मालिक राजू कुमार साह से नौतन थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी मंजेश पांडेय एवं उनके अन्य सहयोगियों द्वारा दो लाख रूपये की रंगदारी की मांग की गई थी। राशि नहीं देने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी गई। पुनः सात मार्च को भी फोन काल के माध्यम से धमकी दी गई। इस संबंध में नौतन थाना में सात मार्च को प्राप्त आवेदन के आधार पर धारा-308( 5 )/308( 4 ) बीएनएस के तहत कांड दर्ज कर तत्काल अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अग्रतर अनुसंधान के दौरान जिला पुलिस की लगातार दबिश के कारण इस कांड में संलिप्त मंजेश पांडेय ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

## एकलव्य आवासीय तीरंदाजी खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल

### ए आदर्श जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनी के खेल प्रांगण में.

**दैनिक खोज खबर/छपरा।(सारण)।** बिहार सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत राज्य के सैकड़ो प्रतिभावान खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान की जाती है । खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र भी संचालित किए जाते है । आज इसी के तहत आदर्श जनता उच्च माध्यमिक विद्यालय नैनी के खेल प्रांगण में तीरंदाज़ी खेल के खिलाड़ियो को बेहतर मंच मिले इस उद्देश्य से एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र का ट्रायल किया गया । ट्रायल का विधिवत उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी मो शमीम अंसारी , सारण जिला कबड्डी संघ के सचिव श्री पंकज कश्यप ,प्रधानाध्यापक श्री अनिल कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया । खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि आपके लिये यह गौरव की बात है कि सरकार आपके लिये खेल कौशल के विकास के लिए कई अवसर उपलब्ध करा रही है खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है ।एकलव्य आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से कई खिलाड़ी अब तक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान स्थापित कर चुके है । बताते चले कि ट्रायल में मुख्य कोच आशुतोष कुमार सिंह , जय प्रकाश, सहायक कोच शिवम कुमार आये हुए थे । ट्रायल को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मनीष कुमार राय ,रौशन रंजन ,प्रभुनाथ कुशवाहा सहित सभी ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया ।ट्रायल में लगभग 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

## किशनगंज में नाबालिग छात्रा का अपहरण पड़ोसी युवक पर गुजरात ले जाने का आरोप

**किशनगंज,एजेंसी।** जिले के फरिंगगोला क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर लगाया गया है। मामले को लेकर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने बच्ची की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार फरिंगगोला निवासी संजना कुमारी 7 अप्रैल को मध्य विद्यालय टेउसा जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

## एक घंटे के अंदर अपहृत बालक पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।**लकड़ीनवीगज से अपहृत बालक को एसआइटी टीम ने शुक्रवार को गोपालगंज जिला परिषद कार्यालय के पास से सकुशल बरामद कर लिया। अपहृत बालक को पूछताछ के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को लकड़ीनवीगज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूर्यपूरा से एक 15 वर्षीय बालक का अपहरण हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। अपहृत बालक की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष, भगवानपुर हाट, लकड़ीनवींगज, तथा जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा लगातार सर्च एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम एवं जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा की गई सतत छापेमारी एवं तकनीकी अनुसंधान के फलस्वरूप महज एक घंटे के अंदर अपहृत बालक को जिलापरिषद कार्यालय, गोपालगंज के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

## एक घंटे के अंदर अपहृत बालक पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** लकड़ीनवीगज से अपहृत बालक को एसआइटी टीम ने शुक्रवार को गोपालगंज जिला परिषद कार्यालय के पास से सकुशल बरामद कर लिया। अपहृत बालक को पूछताछ के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को लकड़ीनवीगज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूर्यपूरा से एक 15 वर्षीय बालक का अपहरण हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। अपहृत बालक की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष, भगवानपुर हाट, लकड़ीनवींगज, तथा जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा लगातार सर्च एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम एवं जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा की गई सतत छापेमारी एवं तकनीकी अनुसंधान के फलस्वरूप महज एक घंटे के अंदर अपहृत बालक को जिलापरिषद कार्यालय, गोपालगंज के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

## शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात



**दैनिक खोज खबर/अमनौर/(सारण)।** पूर्व मंत्री व सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह जदयू जिला सचिव स्व.अमरेन्द्र सिंह कश्यप के घर परशुरामपुर पहुंच शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया. उस दौरान उन्होंने कहा कि स्व.अमरेंद्र सिंह कश्यप का निधन बहुत बड़ी सामाजिक क्षति है. बे हमेशा याद किये जायेगे. वहीं महाचंद प्रसाद सिंह तरैया ननपुर में हुए भीषण सड़क दुर्मघटना में मरे प्रखंड के मनोरपुर पकड़ी निवासी हरिमाधव सिंह की पत्नी के घर पहुंच परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया. मालूम हो कि सड़क दुर्घटना में हरिमाधव सिंह एवं उनका पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हैं और अभी उनलोगों का उपचार पीएमसीएच में चल रहा है. श्री सिंह ने पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया.

## एआईएमआईएम ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी की घोषणा



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड में सारण शिक्षक निर्वाचन चुनाव को लेकर एआईएमआईएम पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पार्टी ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-03 से अपना एमएलसी उम्मीदवार का ऐलान किया। एमआइएम पार्टी के वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर प्रसाद सिंह प्रदेश सचिव बिहार प्रदेश ने बताया कि पार्टी ने काबिलियत को देखते हुए संघर्षरत युवा चेहरा प्रो नाजीर हुसेन पर अपना प्रत्याशी बनाया है। वे मशरक महाविद्यालय में प्रोफैसर के पद पर कार्यरत हैं और मशरक के नवादा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि नाजीर हुसेन शिक्षकों और समाज के बीच में लोकप्रिय चेहरा हैं।साफ़ सुथरा छवि वाले और सुलझे हुए एक विशेष व्यक्तित्व हैं। श्री हुसेन उच्चतम शिक्षा से धनी हैं। इनकी लिखी हुई पुस्तक -÷ नग्मात ÷ हमारे बीच में मौजूद है। अब-तक इनकी तीन किताबें त्वरित हैं। श्री हुसेन एक लेखक/ साहित्यकार हैं। श्री हुसेन ने कहा कि शिक्षक मतदाता मेरे ऊपर तवज्जो देते हुए मुझे वोट करेंगे तो मैं उन्हें बनावटी आश्वासन से निकाल कर ईमानदारी और ईमानदार नेतृत्व से रुबरू करवाऊंगा। एमआइएम पार्टी के जानिब से उम्मीदवार घोषित होने पर श्री हुसेन ने पार्टी के आला नेतृत्व और पार्टी से जुड़े तमाम लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

## एक घंटे के अंदर अपहृत बालक पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** लकड़ीनवीगज से अपहृत बालक को एसआइटी टीम ने शुक्रवार को गोपालगंज जिला परिषद कार्यालय के पास से सकुशल बरामद कर लिया। अपहृत बालक को पूछताछ के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को लकड़ीनवीगज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूर्यपूरा से एक 15 वर्षीय बालक का अपहरण हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। अपहृत बालक की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष, भगवानपुर हाट, लकड़ीनवींगज, तथा जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा लगातार सर्च एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम एवं जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा की गई सतत छापेमारी एवं तकनीकी अनुसंधान के फलस्वरूप महज एक घंटे के अंदर अपहृत बालक को जिलापरिषद कार्यालय, गोपालगंज के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

## रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**परवेज अख्तर/सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगदारी मांगने के मामले में आरोपित ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उसे जल्द ही रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत छह मार्च को राजू ज्वेलर्स के मालिक राजू कुमार साह से नौतन थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी मंजेश पांडेय एवं उनके अन्य सहयोगियों द्वारा दो लाख रूपये की रंगदारी की मांग की गई थी। राशि नहीं देने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी गई। पुनः सात मार्च को भी फोन काल के माध्यम से धमकी दी गई।इस संबंध में नौतन थाना में सात मार्च को प्राप्त आवेदन के आधार पर धारा-308(5)/308(4) बीएनएस के तहत कांड दर्ज कर तत्काल अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अग्रतर अनुसंधान के दौरान जिला पुलिस की लगातार दबिश के कारण इस कांड में संलिप्त मंजेश पांडेय ने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। -

## एक रिवाल्वर व गोली के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीरादेई थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक रिवाल्वर व एक गोली के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा महदेवा टोला निवासी रवि कुमार यादव है। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि गुरुवार की संध्या समय करीब 8-05 बजे गुप्त सूचना मिली की जीरादेई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरवल स्थित काली मंदिर के पास तीन व्यक्ति बैठा हुआ है जिसके पास हथियार है, कोई अपराधिक घटना को अंजाम देनेवाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए हुए स्थान पर पहुंचें तो पुलिस वाहन को देखकर सभी व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के कम में उसके पास से एक रिवाल्वर एवं एक कारतूस बरामद किया गया। पुछ-ताछ के क्रम में अपना नाम रवि कुमार यादव बताया। इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में जीरादेई थाना अन्तर्गत धारा 25 ( 1-बी ) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में जीरादेई थानाध्यक्ष एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

## कैमूर में एलपीजी आपूर्ति सामान्यः 19 एजेंसियां कर रहीं वितरण

### कंट्रोल रूम सक्रिय; कालाबाजारी पर कार्रवाई



**कैमूर,एजेंसी ।** कैमूर में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।जिले में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल की कुल 19 एजेंसियां सक्रिय हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 9 अप्रैल तक जिले में 6090 सिलेंडर उपलब्ध थे, जिनमें से 3185 वितरित किए जा चुके हैं। लंबित 20,998 बुकिंग को अगले दो से तीन दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है।उपभोक्ताओं की सहायता के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम (दूरभाषः 06189-222080) स्थापित किया गया है। अब तक प्राप्त 493 शिकायतों में से 419 का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में 235 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और गैस एजेंसियों की सघन जांच की गई है। इस अभियान के तहत रामपुर प्रखंड में अवैध गैस कारोबार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर 09 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर डिलीवरी दी जा रही है।

## सिविल कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी,मची अफरा तफरी

**परवेज अख्तर/सिवान।** सिविल कोर्ट परिसर में शुक्रवार को कार्य अवधि दस बजे के आसपास से उस समय अफरा- तफरी का माहौल कायम हो गया जब अचानक से कोर्ट परिसर को पुलिस प्रशासन अपने घेरे में ले लिया। आधिकारिक तौर पर बताया गया है कि प्रधान जिला न्यायाधीश के कार्यालय की अधिकृत मेल पर एक अज्ञात सूचना प्रसारित की गई जिस पर बताया गया की कोर्ट परिसर को बम धमाकों के माध्यम से सुबह के 11-30 तक उड़ा दिया दिया जाएगा। सूचना के संज्ञान में आते ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतीश कुमार सिंह ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला के आला पदाधिकारी की सूचना दी और कोर्ट परिसर को सुरक्षित रखना के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की निर्देश भी दिया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने तत्काल प्रभाव से कुछ समय के लिए कोर्ट में कार्रवाई को भी रोकने का मौखिक निर्देश दिया ताकि अगर बम की सूचना सही हो तो पक्षकारों एवम अन्य कार्यालय कर्मियों को बड़ी दुर्घटना से बचाया जा सके। इसके निमित उन्होंने आवश्यक निर्देश कोर्ट नाजीर को दिए। कोर्ट नाजीर ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से कोर्ट परिसर को खाली कराए जाने का प्रसार किया तथा इस संबंध में अधिवक्ता संघ द्वारा भी सभी अधिवक्ताओं को त्वरित सूचना प्रसारित की गई कि वह अपने सीट पर रखे सामानों, वाद कारो एवं अन्य सहित स्वयं को भी कोर्ट परिसर से बाहर कर ले ताकि सुरक्षा की जांच में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न रह जाए। किसी प्रकार की कोई बड़ी दुर्घटना ना घटित हो ,इसलिए सभी वाहनों को भी कोर्ट परिसर से बाहर कर दिया गया। लगभग दो घंटे तक किसी कोर्ट में कार्य नहीं हुआ। किंतु तात्कालिक जांच के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतिश कुमार सिंह विधिवत अपने न्यायालय में कार्य आरंभ कर दिया तथा अन्य कोर्ट पदाधिकारी को भी केवल अधिवक्ताओं के माध्यम से ही कार्रवाई संचालित किए जाने का निर्देश दिया। सिवान सिविल कोर्ट को एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी अनजान ई मेल के माध्यम से शुक्रवार को दी गई। इसके बाद जिला जज मोतिश कुमार सिंह के आदेश पर सभी न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायिक कर्मियों और अधिवक्ताओं को सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई। धमकी के बाद जिला जज के निर्देश पर पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचना दी गई। न्यायालय परिसर से आम लोगों को बाहर निकाल दिया गया और किसी को भी कोर्ट परिसर के अंदर आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। इधर बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने की सूचना जैसे ही आम हुई पूरे कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। दूसरी ओर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय व पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश पर बम निरोधक दस्ता व डाग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। वहीं सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, नगर थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवान कोर्ट परिसर में जांच शुरू कर दी। सिविल कोर्ट के बगल में ही समाहरणालय और जज कालोनी होने के कारण प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरती रही थी। पुलिस ने पूरे कोर्ट परिसर की घेराबंदी कर दी थी और सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। अधिवक्ताओं को भी कोर्ट परिसर से दूर रहने का निर्देश दिया गया था।

## क्यूआरटी टीम, एंबुलेंस सेवा एवं फायर ब्रिगेड को अलर्ट मोड पर रखा गया

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर स्थित न्यायालय को एक अनजान ई मेल से सूचना भेज बम से उड़ाने की धमकी शुक्रवार को दी गई। सूचना मिलते ही कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई और न्यायालय में किसी के भी आने जाने पर रोक लगा दी गई।उक्त ई-मेल के आलोक में न्यायालय परिसर की सुरक्षा को देखते हुए तत्काल प्रभाव से अपर पुलिस अधीक्षक सदर वन एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) न्यायालय परिसर में भेज गया। बम स्क्वायड टीम द्वारा सघन जांच की गई तथा परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई । एसपी पूरन कुमार झा ने बताया कि एएसएल (एडवांस सिक्योरिटी लायजनिंग) चेकिंग भी लगाई गई थी। एहतियातन क्यूआरटी टीम, एंबुलेंस सेवा एवं फायर ब्रिगेड को अलर्ट मोड पर रखा गया है। न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार एवं अन्य प्रवेश द्वारों पर डीएफएमडी एवं एचएचएमडी के माध्यम से सघन चेकिंग की गई। पुलिस उपाधीक्षक यातायात द्वारा न्यायालय परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगा दी गई तथा आने-जाने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक साइबर द्वारा प्राप्त ई-मेल की तकनीकी जांच एवं सत्यापन की कार्रवाई की जा रही है। स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

## एक घंटे के अंदर अपहृत बालक पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**परवेज अख्तर/सिवान।** लकड़ीनवीगज से अपहृत बालक को एसआइटी टीम ने शुक्रवार को गोपालगंज जिला परिषद कार्यालय के पास से सकुशल बरामद कर लिया। अपहृत बालक को पूछताछ के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि शुक्रवार को लकड़ीनवीगज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूर्यपूरा से एक 15 वर्षीय बालक का अपहरण हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। अपहृत बालक की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष, भगवानपुर हाट, लकड़ीनवींगज, तथा जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा लगातार सर्च एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। गठित टीम एवं जिला आसूचना इकाई टीम द्वारा की गई सतत छापेमारी एवं तकनीकी अनुसंधान के फलस्वरूप महज एक घंटे के अंदर अपहृत बालक को जिलापरिषद कार्यालय, गोपालगंज के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

